जोधपुर आयुक्तालय पश्चिम/प्रेस नोट

दिनांक – 27 दिसम्बर 2023

पुलिस थाना बासनी

- शहर के कार शो–रूम में हुई करीब 14 लाख की नकबजनी की वारदात का खुलासा
- अन्तर्राज्यीय गैंग के तीन शातिर नकबजन प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार

घटना का विवरणः–

दिनांक 14.01.2023 को प्रार्थी श्री संदीप नायर पुत्र श्री के टी नायर उम्र 41 साल निवासी 8/286 सीएचबी जोधपुर हाल एमजी शोरूम (गणपति फोर व्हीकलस प्रा.लि.) हैवी इण्डट्रीज एरिया सरस डेयरी के सामने पीएस बासनी जोधपुर ने उपस्थित थाना होकर एक लिखित रिपोर्ट दी जिस पर प्रकरण संख्या 17 दिनांक 14.01.2023 धारा 457,380 भादस मे दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया जाकर गठित टीम गई।

टीम द्वारा किये गये प्रयासः–

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय श्री रविदत्त गौड़ व पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम महोदय गौरव यादव आईपीएस के निर्देशानुसार व श्रीमान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम महोदय हरफुलसिंह व श्री चक्रवर्तीसिंह राठौड़ सहायक पुलिस आयुक्त वृत पश्चिम जोधपुर के सुपरविजन व परियवेक्षण में मन पाना चौधरी निपु. थानाधिकारी पुलिस थाना बासनी जोधपुर के नेतृत्व में प्रकरण की घटना को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठीत की गई। टीम द्वारा लगातार करीब सौ सीसीटवी केमरे खंगाले गये साथ ही तकनीकी कौशलता घटना में सरीक मुलजिमान को नामजद कर घटना में प्रयुक्त वाहन का पता लगाते हुए तकनीकी व आसूचना के आधार पर लगातार राजस्थान, मध्यप्रदेश के विभिन्न ईलाको में 2500 किलोमीटर तक पिछा कर घटना मे संलिप्त अंतर्राजययी गैंग के तीन शातिर नकबजन मय वारदात प्रयुक्त कार नम्बर पीबी 08 सीजी 3282 को दस्तयाब कर थाना लाया गया। जिनसे गहन व विस्तृत पूछताछ कर आज गिरफ्तार किया गया है। मुलजिमान से मनोवैज्ञानिक तरीके से लगातार पूछताछ की जाकर भारत वर्ष में राजस्थान– जोधपर, जयपुर व अजमेर, मध्यप्रदेश– भोपाल, कटनी, गवालियर, विना, वियावरा, बुरहानपुर व इन्दौर, महाराष्ट्र– नासिक, पुना, मुम्बई, वरनगांव व औरगांबाद, गुजरात– अहमदाबाद, पालनपुर व डिसा, छतीछगढ– रायपुर, बिलासपुर, उतरप्रदेश– आगरा व लिखिमपुर खिरी सहित आज तक कार शो–रूमो में की गई कुल 20 से अधिक वारदातो का खुलासा किया गया। प्रकरण हाजा में गिरफतारशुदा मुलजिमान से बरामदगी के प्रयास किये जा रहा है।

नाम पता मुल्जिमानः–

01. गुडडू मोहिते पुत्र मोहन मोहिते जाति बेलदार उम्र 41 साल निवासी म.नं. 294 हनुमान मन्दिर के पास अम्बेडकर झुग्गी दामखेड़ा पुलिस थाना हुजूर जिला भोपाल मध्यप्रदेश।
02. जैकी चौहान पुत्र श्री नेनसिंह जाति बेलदार उम्र 23 साल निवासी जुनापानी पुलिस थाना किलोद जिला खण्डवा मध्यप्रदेश।
03. अशोक जादव पुत्र श्री रमेश जादव जाति बेलदार उम्र 43 साल निवासी म.नं. 391 वार्ड नं. 23 नेपानगर इन्द्रा नगर पुलिस थाना नेपानगर जिला बुरहानपुर मध्यप्रदेश।

विशेष टीम के सदस्य

1.श्रीमती पाना चौधरी नि.पु.पुलिस थाना बासनी
2.श्री रामनारायण सउनि पुलिस थाना बासनी
3.श्री रामलाल हैडकानि पुलिस थाना बासनी– (विशेष भूमिका)
4.श्री दिनेश हैड कानि पुलिस थाना बासनी
5.श्री प्रेम चौधरी हैडकानि साईबर सेल जोधपुर पश्चिम
6.श्री रामदीन कानि पुलिस थाना बासनी – (विशेष भूमिका)
7.श्री तेजाराम कानि पुलिस थाना बासनी
8.श्री प्रकाश चन्द्र कानि पुलिस थाना बासनी

सलग्न फोटोः—

थानाधिकारी
पुलिस थाना बासनी
जोधपुर पश्चिम